# कैमूर चेतना – सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित




12 सितम्बर 2025 शुक्रवार

कैमूर अंक- 64

- संपादकीय
- हमारे प्रेरणा स्रोत
- प्रार्थना
- बिहार राज्य गीत
- संविधान की प्रस्तावना
- राष्ट्रगान
- आज का सुविचार
- रोचक तथ्य
- दिवस विशेष
- सामान्य ज्ञान
- शब्द ज्ञान
- तर्क ज्ञान
- कंप्यूटर ज्ञान
- प्रेरक प्रसंग
- बूझो तो जाने
- विभागीय सूचना

### सितम्बर - 2025 कैलेंडर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |




## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025

### प्रारंभिक विद्यालयों (1-8) के लिए

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10:00 पू. से 12:00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 1:00 अप. से 3:00 अप. |
|---|---|---|
| 10.09.2025 | पर्यावरण अध्ययन/सामाजिक विज्ञान (वर्ग III,IV,V ,VI के लिए ) | विज्ञान (कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 11.09.2025 | हिन्दी (द्वितीय भाषा / अहिंदी भाषी के लिए) (कक्षा III - VIII के लिए) | गणित (कक्षा III-VI एवं VIII के लिए) |
| 12.09.2025 | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन | |
| 14.09.2025 | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन ( उर्दू विद्यालयों के लिए) | |
| 16.09.2025 | अंग्रेजी (कक्षा III - VIII के लिए) | सामाजिक विज्ञान (कक्षा VII - VIII के लिए) |
| 17.09.2025 | हिन्दी / उर्दू / बांग्ला (कक्षा I -II के लिए) गणित (कक्षा VII के लिए) | गणित (कक्षा I –II के लिए ) |
| 18.09.2025 | गणित (कक्षा I –II के लिए ) हिन्दी / बांग्ला / उर्दू (कक्षा III - VIII के लिए) | संस्कृत (कक्षा VI-VIII के लिए) |

**परिकल्पना सहयोग :**
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
**प्रकाशक :**
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

# हमारे प्रेरणा स्त्रोत

## कुंवर सिंह

भारतीय राष्ट्रवादी और स्वतंत्रता सेनानी

जन्म : 13 नवम्बर 1777, बिहार
निधन : 26 अप्रैल 1858, बिहार



### प्रारंभिक जीवन और पृष्ठभूमि

जन्म: 13 नवंबर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर में, उज्जैनिया राजपूत घराने में उनका जन्म हुआ था.
पिता: बाबू साहबजादा सिंह.
जमींदारी: उनके पिता ने अंग्रेजी सरकार के प्रति वफादारी दिखाई, जिससे उन्हें जगदीशपुर की जमींदारी मिली, जिस पर बाद में कुंवर सिंह ने शासन किया.

### 1857 का विद्रोह और नेतृत्व

विद्रोह में भागीदारी:
1857 के विद्रोह के दौरान, 80 साल की उम्र में भी, उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लिया.
बिहार में नेतृत्व:
वे बिहार में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह के मुख्य आयोजक और नेता थे.
युद्ध कौशल:
वे एक कुशल योद्धा और छापामार युद्ध के विशेषज्ञ थे, जिन्होंने लगभग एक साल तक ब्रिटिश सेना को सफलतापूर्वक परेशान किया.

### प्रमुख उपलब्धियाँ

जगदीशपुर को जीतना:
22-23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के पास लड़ी गई लड़ाई में, उन्होंने ब्रिटिश सेना को खदेड़ दिया, जगदीशपुर किले पर अपना ध्वज फहराया, और अपना गढ़ पुन: प्राप्त किया.
अंतिम लड़ाई:
23 अप्रैल को अपने महल लौटने के बाद, उनका निधन 26 अप्रैल 1858 को हो गया.
**सम्मान:**
उनके योगदान के लिए, भारत सरकार ने 23 अप्रैल 1966 को उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया.
प्रतिष्ठान:
बिहार सरकार ने उनके नाम पर 1992 में 'वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय' की स्थापना की.
वीरता का प्रतीक:
वीर कुंवर सिंह को अदम्य साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है.

**चेतना - सत्र**
**संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग**
**सदस्य सह संपादकीय समूह**



सुमित कुमार
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



शिव कुमार गुप्ता
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ कैमूर



राजेश कुमार सिंह
महाबल भृगुनाथ +2 उच्च विद्यालय कोरिगावा बहेरा , कैमूर

सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो

कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्तावकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

दया कर दान विद्या का, हमें परमात्मा देना,
दया करना हमारी आत्मा में, शुद्धता देना।

हमारे ध्यान में आओ, प्रभु आँखों में बस जाओ,
अँधेरे दिल में आकर के, प्रभु ज्योति जगा देना।

बहा दो प्रेम[१] की गंगा, दिलों में प्रेम का सागर,
हमें आपस में मिल-जुल के,प्रभु रहना सीखा देना।

हमारा धर्म हो सेवा, हमारा कर्म हो सेवा,
सदा ईमान हो सेवा, व सेवक जन बना देना।

वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना,
वतन पर जाँ फिदा करना,प्रभु हमको सीखा देना।

दया कर दान विद्या का, हमें परमात्मा देना,
दया करना हमारी आत्मा में, शुद्धता देना।

### बिहार राज्य गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे

वो नजर दे कि करुँ कद्र हरेक मजहब की
वो खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक

मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ

हौसला ऐसा ही दे गंग – जमन नाज करे
आधे रास्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

### संविधान की प्रस्तावना

भारत मेरा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है। हम इसके सुयोग्य नागरिक बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे. मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करूंगा और सबके साथ शिष्टता का व्यवहार करूंगा |
मैं अपने देश और देशवासियों के प्रति वफादार रहने की प्रतिज्ञा करता हूँ। उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है | जय हिंद!

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता ।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे
गाहे तव जय-गाथा ।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे।।

कैमूर चेतना सत्र

## 2. आज का सुविचार

"हर असंभव कार्य करने का एक ही तरीका है, कड़ी मेहनत।"

## 3. रोचक तथ्य

भारत में दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क है, जो देश भर में लाखों लोगों तक फैला हुआ है |

## 4. दिवस विशेष

### सारागढ़ी दिवस

सारागढ़ी दिवस भारत में उन 21 सिख सैनिकों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने 1897 में सारागढ़ी की लड़ाई में अपना जीवन बलिदान किया था।

### राष्ट्रीय प्रोत्साहन दिवस

यह दिन लोगों को एक-दूसरे को प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन लोगों को सकारात्मकता फैलाने और एक-दूसरे के प्रति समर्थन व्यक्त करने का अवसर देता है।

## 5. आज का इतिहास

1398 - तैमूर लंग सिंधु नदी के तट पर पहुंचा।
1786 - लॉर्ड कॉर्नवॉलिस गवर्नर जनरल बना।
1873 - पहला टाइपराइटर ग्राहकों को बेचा गया।
1959 - तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना 2' चांद पर पहुंचा।
1966 - भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डार्डानेलेस जलडमरूमध्य को तैर कर पार किया।
1998 - कुआलालंपुर में 16वें राष्ट्रमंडल खेलों का शुभारम्भ।
2007 - रूस ने नॉन न्यूक्लियर वैक्यूम बम (इको फ्रेंडली बम) का परीक्षण किया।

## 6. सामान्य ज्ञान

अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय कौन थे? - राकेश शर्मा

भारत की पहली महिला राष्ट्रपति कौन थीं? - प्रतिभा देवी सिंह पाटिल

दुनिया की सबसे लंबी नदी कौन सी है? - नील नदी जिसकी लंबाई लगभग 6,650 किलोमीटर है. यह नदी उत्तर-पूर्वी अफ्रीका में स्थित है और भूमध्य सागर में जाकर मिलती है।

ओलंपिक खेलों की शुरुआत किस देश में हुई थी? - यूनान (ग्रीस)

विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन सा है? - प्रशांत महासागर (इसका क्षेत्रफल लगभग 165.25 मिलियन वर्ग किलोमीटर (63.8 मिलियन वर्ग मील) है, जो पृथ्वी की सतह के लगभग 30% हिस्से को कवर करता है. यह न केवल सबसे बड़ा, बल्कि पृथ्वी का सबसे गहरा महासागर भी है |)

GEN Z क्या है ?
जेनरेशन Z (Gen Z), 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों का एक समूह है, जिसे ज़ूमर्स भी कहते हैं. वे डिजिटल नेटिव होते हैं, यानी वे इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं।

अभी हाल ही में भारत के किस पडोसी देश में राजनैतिक उथल-पुथल मचा हुआ है ? नेपाल

## 7. शब्द ज्ञान

### हिंदी- अंगेजी

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुझे भूख लगी है | I am hungry | मुझे पानी चाहिए | I want water |
| क्या आप मेरी मदद करेंगे? | Will you help me? | बहुत अच्छा! | Very good! |
| जल्दी करो | Hurry up | क्या तुम तैयार हो? | Are you ready? |

## 8. तर्क ज्ञान

यदि + का अर्थ ÷, ÷ का अर्थ-, – का अर्थ +, x का अर्थ – हो तो

8 ÷ 4 - 6 + 3 × 4 = ?. **2**

## 9. कंप्यूटर ज्ञान

कंप्यूटर स्क्रीन को क्या कहते हैं?

**मॉनिटर**

कैमूर चेतना सत्र

## 10. प्रेरक प्रसंग

एक बार एक आदमी ने एक बच्चे से पूछा, “क्या तुम जानते हो कि शिकारी बंदरों को कैसे फँसाते थे?”

"उन्हें पेड़ पर खदेड़ने या उन पर तीर चलाने के बजाय, वे एक भारी कांच का जार, जिसकी गर्दन संकरी होती थी, जमीन पर रख देते थे, जिसमें बंदरों का पसंदीदा भोजन होता था।

फिर वे थोड़ी दूरी पर छिप जाते और अनजान बंदर के पास आने का इंतजार करते।

जब ऐसा होता, तो बंदर अंदर हाथ डालकर नाश्ता हथियाने की कोशिश करता। लेकिन जार का पतला गला बंदर को अपना हाथ बाहर निकालने से रोकता!

वह खींचता रहा, खींचता रहा, पर फँस गया! खाना छोड़े बिना उसका हाथ जार से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था।

लेकिन बंदर छोड़ने के बजाय लगातार कोशिश करता रहा और अपना खाना गिराने से इंकार करता रहा।

यही वह क्षण था जब शिकारी बंदर को पकड़ने के लिए उसके पास आते थे।”

"उस बंदर की तरह मत बनो," आदमी ने बच्चे को चेतावनी दी। "ज़िंदगी में, एक और दिन लड़ते रहने और आगे बढ़ने के लिए, तुम्हें पता होना चाहिए कि कब हार माननी है, कब आगे बढ़ना है, और कब जो भी तुम्हें रोक रहा है उसे छोड़ देना है।"

नैतिक शिक्षा :

कभी-कभी भविष्य में कुछ बेहतर पाने के लिए आपको अपनी मौजूदा चीज़ों को छोड़ना और त्यागना पड़ता है। ज़िद को अपनी सफलता की राह में बाधा न बनने दें।

## 11. बूझो तो जानें

मैं न इंसान हूँ, न जानवर, लेकिन फिर भी लोग मुझे पकड़ कर रखते हैं। मेरे पास बहुत सी बातें होती हैं, मगर मैं बोल नहीं सकती।

(जवाब: डायरी)

कैमूर चेतना सत्र

# विभागीय सूचनाएं

कैमूर चेतना सत्र

- विभागीय निर्देशानुसार कक्षा 07-08 के सामाजिक विज्ञान की रद्द परीक्षा दिनांक 16-09-2025 को दूसरी पली में तथा कक्षा 07 के गणित विषय की रद्द परीक्षा दिनांक 17-09-2025 को प्रथम पली में होगी I जिसके पेपर E-Shikshakosh पर उपलब्ध कराये जायेंगे I

- सभी मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंस्पायर अवार्ड से संबंधित 05 बच्चों के प्रोजेक्ट को इंस्पायर अवार्ड के वेबसाइट पर नॉमिनेशन करते हुए पंजीकरण अनिवार्य रूप से दिनांक 15.09.2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे I

- विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार सभी मध्य विद्यालय विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं कक्षा 06-08 में गणित –विज्ञान पढ़ाने हेतु नामित शिक्षक को सूचित किया जाता है कि DIKSHA APP पर सितम्बर 2025 का MIP-3.5 किन्ही कारणों से लांच नहीं हो सका है I दिए गये निर्देश के अनुसार प्रोजेक्ट कक्षाओं में कराना शुरू कर दें I इसके साक्ष्य को उपलब्ध कराये गये google Form में अपलोड किया जायेगा I प्रखण्ड में अनुपस्थिति विवरणी जमा करते समय शपथ पत्र के साथ google फॉर्म की प्रति सलग्न कर जमा करेंगे I गूगल फॉर्म का लिंक: bit.ly/PBLSeptProj

- सभी प्राथमिक/मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक U-Dise Plus पर नामांकित सभी छात्रों की इंट्री कराने के साथ-साथ उनके प्रोफाइल अपडेट के दौरान AP,EP,GP का कार्य दिनांक 15.09.2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे I

- सभी संकुल समन्वयक और मूल्यांकन कर्ता अर्द्धवार्षिक परीक्षा की कॉपियों की जाँच दिनांक 16-09-2025 से 20-09-2025 तक हर हल में पूर्ण कराएँगे I और मार्क्स फोलियो साथ ही साथ अपडेट करते जायेंगे I

- सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च एवं प्राइवेट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि यूथ एंड इको क्लब के वेबसाइट पर “एक पेड़ मा के नाम” के तहत अनिवार्य रूप से कम से कम 100 या अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगवाकर पोर्टल पर अपडेट कराएँ I कैमूर के विद्यालयों में पेड़ लगवाने की स्थिति बहुत ही ख़राब है I

- सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च एवं प्राइवेट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15.09.2025 तक अनिवार्य रूप स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) पोर्टल पर अपने-अपने विद्यालय का रेटिंग विवरणी ऑनलाइन करना सुनिश्चित करेंगे I

"हर सुबह एक नया सत्र, हर दिन एक नई प्रेरणा"

कैमूर चेतना - सत्र टीम
संपर्क सूत्र : 8271039022
9973725565